सीसीएस नियाम निदेशक मित्तल ने किया 'प्रोजेक्ट गांव 36' का शुभरंभ

जयपुर। नियाम के निदेशक रमेश मित्तल ने रविवार को 'प्रोजेक्ट गांव 36' का उद्घाटन किया। इस दौरान एनडीडीबी के प्रबंधक विपुल कुमार बीपीएन एग्रो कंपनी के फाउंडर एवं को-फाउंडर प्रियजीत बॉस और कमलेश कुशवाहा भी मौजूद रहे। नियाम के निदेशक एवं चेयरपर्सन डॉ. मित्तल ने कहा कि वे इस प्रोजेक्ट को दिल्ली मंत्रालय में आरकेपवीवाई कमेटी के समक्ष अनुदान के लिए भी प्रस्तुत करेंगे। 'प्रोजेक्ट गांव 36' छत्तीसगढ़ में ग्रामीण स्वरोजगार और उद्यमशीलता की नई शुरुआत है। इस प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण नौजवान को प्रशिक्षण देकर एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ के किसानों तक अपनी सेवाएं पहुंचाएंगे। इस प्रोजेक्ट को बीपीएन एग्रो एंड लाइवस्टॉक प्रा. लि. बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसका बीपीएन एग्रो जो सीसीएस नियाम से इन्क्यूबेटर स्टार्टअप है।